# प्रेमी का प्रेम निभाता तू प्रेम के वश हो जाता लिरिक्स

प्रेमी का प्रेम निभाता,
तू प्रेम के वश हो जाता,
निज प्रेमी से मिलवाता,
हमें प्रेम की राह दिखाता,
तू प्रेमी तो बड़ा ही प्यारा है,
हारे का सहारा है।bd।

तर्ज – सूरज कब दूर गगन से।

---

तेरे प्रेम की भाषा,
जिसको समझ में आये,
उसके अंतर मन में,
प्रेम दीप जल जाये,
प्रेमी की लाज बचाता,
प्रेमी का मान बढ़ाता,
निज प्रेमी से मिलवाता,
हमें प्रेम की राह दिखाता,
तू प्रेमी तो बड़ा ही प्यारा है,
हारे का सहारा है।bd।

---

प्रेम तुम्हारा पाकर,
प्रेमी शुकर मनाएँ,
तेरे प्रेम के धागे,
दिन दिन कसते जाएँ,
इतना तू प्रेम लुटाता,
दामन छोटा पड़ जाता,
निज प्रेमी से मिलवाता,
हमें प्रेम की राह दिखाता,
तू प्रेमी तो बड़ा ही प्यारा है,
हारे का सहारा है।bd।

---

तोड़े से नहिं टूटे,
प्रेम अटल है अपना,
तूने हर प्रेमी का,
पूरण किया है सपना,
'चोखानी' तुझे रिझाता,
भजनों की भेंट चढ़ाता,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तू प्रेमी से मिलवाता,
हमें प्रेम की राह दिखाता,
तू प्रेमी तो बड़ा ही प्यारा है,
हारे का सहारा है।**bd**।

---

प्रेमी का प्रेम निभाता,
तू प्रेम के वश हो जाता,
निज प्रेमी से मिलवाता,
हमें प्रेम की राह दिखाता,
तू प्रेमी तो बड़ा ही प्यारा है,
हारे का सहारा है।**bd**।

**Singer – Neha Rai**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com